## खबर संक्षेप

### मातृ मृत्यु के संभावित कारकों को किया जाए दूरः सीएमएचओ



**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ए.के.लाल की उपस्थिति में होटल त्रिदेव में मातृ मृत्यु दर को नियंत्रण रखने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन के लिए त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.के. लाल ने मातृ मृत्यु दर को रोकने तथा मातृ मृत्यु दर के कारको को दूर करने के संबंध में जिले के सी. बी. एम. ओ. सेक्टर मेडिकल आफिसर, सी.एच.ओ., एएनएम तथा आशा कार्यकताओं से संवाद किया। उन्होंने ने कहा कि प्रथम त्रैमास में ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन बढ़ाया जाए, साथ ही गर्भवती माताओ को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली आयरन फोलिक एसिड व अन्य पोषक दवाईयां खाने के लिए समझाईस दी जाए तथा पौष्टिक आहार लेने की सलाह भी दी जायें। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु के कुछ प्रमुख कारक है, जैसे गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य संस्था ले जाने पर परिवार द्वारा विलंब, गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य संस्था लाने के लिए वाहन विलंब तथा त्वरित उपचार न मिलना देखा जाता है। उन्होनें कहा है कि हमें उक्त समस्याओं को दूर करना होगा। उन्होंने कहा, कि यदि घर में मातृ मृत्यु होती है तो तो कम्यूनिटी आडिट, और यदि संस्था में मातृ मृत्यु होती है, तो कम्यूनिटी के साथ साथ फैसिलिटी आधारित आडिट भी की करना आवश्यक है। बैठक में डॉ.आर. के. शुक्ला, डॉ राजेश मिश्रा, डी.एच.ओ. डॉ एस.डी. कवर, सीबी.एम.ओ., डीपीएम मनोज द्विवेदी, आई हेट के स्टेट काउंसलर विकास द्विवेदी, सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवक ने न्यायालय में मचाया उत्पात



**शहडोल।** जिले के जैतपुर न्यायालय में उस वक्त हडक्रंप मच गया, जब एक युवक न्यायालय में पहुंच न केवल न्यायालय परिसर में उत्पात मचाने लगा, बल्कि गाली-गलौच करते हुए न्यायालय के भृत्य से मारपीट करने लगा, इस दौरान वहां मौजूद वकील व अन्य लोगो ने बीच बचाव किया, इस दौरान युवक न्यायालय में प्रवेश करने की कोशिश भी किया, जैतपुर निवासी प्रदीप कहार 30 वर्ष न्यायालय जैतपुर परिसर के भीतर घुस गया और उत्पात मचाने लगा, हो हल्ला सुनकर न्यायालय के कर्मचारी (भृत्य) सूरज मानिकपुरी ने उसे हल्ला करने मना किया, लेकिन आरोपी प्रदीप, सूरज पर ही टूट पड़ा और न्यायालय कर्मचारी सूरज मानिकपुरी के साथ जातिगत गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। घटना देख काफी लोग एकत्रित हो गए और आरोपी को पकड़ लिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी, मौके पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने उत्पात मचा रहे आरोपी प्रदीप कहार के खिलाफ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा डालने , एसएएसटी की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर मामले की विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक व कार के बीच हुई टक्कर, युवक घायल

**कटनी।** रंगनाथनगर थाना अंतर्गत बरगवां में शुक्रवार सायं कार और बाईक के बीच हुई भिडंत में बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया हैं जहां उसका उपचार जारी हैं। जानकारी के अनुसार कचहरी चौक क्षेत्र में चाय नाश्ते की दुकान चलाने वाला युवक अमित त्रिपाठी सायं किसी कार्यवश बरगवां क्षेत्र गया था, इसी दौरान उसकी मोटरसाईकिल की भिड़ंत विपरीत दिशा से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीई 7320 से हो गयी जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# संलग्नीकरण की ओट में चल रहा नियम विरुद्ध कारोबार
## उपायुक्त ने आदेश जारी कर व्याख्याताओं को किया इधर-उधर

**शहडोल।** तत्कालीन प्रशासनिक व्यवस्था के नाम पर बड़े अधिकारी शासकीय आदेशों की अवहेलना कर मनमाने आदेश करने से गुरेज नहीं करते, जिससे विसंगतियां दिखाई पडऩे लगतीं हैं। ऐसी स्थिति सर्वाधिक रूप से ट्रायबल विभाग में संलग्रीकरण को लेकर शिक्षकों के संदर्भ में निर्मित होती है। अधिकारी शासकीय आदेशों की अवज्ञा कर आदेश जारी करते रहते हैं। जिसमें शिक्षकों का मतलब तो सिद्ध होता ही है अधिकारियों की भी जेबें भरतीं हैं। संलग्रीकरण का खेल शासन ने भले ही कड़े आदेश जारी कर बंद करने का प्रयास किया हो, लेकिन यहां आज भी वही खेल जारी है। और केवल अभी ही नहीं, ऐसा खेल अमूमन हर साल नए शिक्षा सत्र के समय जून जुलाई के महीनो में चलता है। वर्तमान में यह खेल संभागीय उपायुक्त ट्रायबल द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसकी प्रशासनिक गलियारों में काफी चर्चा सुनी जा रही है।




### जारी है संलग्रीकरण

बताया गया कि संभागीय उपायुक्त ट्रायबल द्वारा नियमविरुद्ध शिक्षकों का संलग्रीकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में बतौर उदाहरण कुछ लोगों के नाम भी गिनाए गए हैं। जैसे जयंत मिश्रा व्याख्याता शासकीय उमावि रसमोहनी को आगामी व्यवस्था तक शासकीय उमावि विरुहली पदस्थ किया गया है। दिनेश मिश्रा व्याख्याता प्रभारी प्रचार्य हाईस्कूल सिंदुरी भर्री को अपने कार्य के साथ आगामी आदेश तक शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शहडोल के प्राचार्य के पदीय दायित्व निर्वाहन हेतु आदेशित किया गया है। पूर्व प्रभारी प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर बुढ़ार सीताराम मिश्रा को आगामी आदेश तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सोहागपुर में प्रभारी प्राचार्य का दायित्व निर्वाह हेतु आदेशित किया जाता है। प्राचार्य की पदस्थापना होने पर यह आदेश स्वयमेव निरस्त माना जाएगा।

### जीवित है शासन का आदेश

26 फरवरी 2024 को सहायक आयुकत ट्रायबल ने आदेश जारीकर बताया था कि मप्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 6-1/ 2021/ एफ/9 दिनांक 24 जून 2021 की कण्डिका 52 एवं म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 6-1/ 2021/ एफ/9 दिनांक 14 जून 2021 की कण्डिका 05 के तहत विभाग के अंतर्गत कर्मचारियों का संलग्नीकरण पूर्णतया समाप्त कर दिया गया है। चर्चा तो यह भी थी कि शासन ने यह आदेश संलग्रीकरण की विसंगतिपूर्ण व्यवस्था को समाप्त करने के लिए जारी किया है।

### आदेशों की यह भी सच्चाई

अधिकारी नियमविरुद्ध संलग्रीकरण आदेश करते समय यह उल्लिखित कर देते हैं कि आगामी आदेश तक अथवा शासन से पदांकन होने पर उनका आदेश स्वयमेव समाप्त माना जाएगा। लेकिन कुछ अपवादों को छोडक़र न तो कभी आगामी आदेश होते न कभी शासन से कोई पदांकन या आदेश होता है। स्थानीय स्तर पर जैसी जो व्यवस्थाएं हो जाती हैं वही चलती रहतीं हैं। बताया गया कि इस तरह की व्यवस्था का एक बड़ा दोष यह है कि शिक्षक काम कहीं और करता है और वेतन उसे अपनी मूल पदस्थापना से प्राप्त होती है। इसमें विभाग को असुविधाएं भले ही हों लेकिन अधिकारियों और शिक्षकों की मनोकामना पूर्ण होती है।

### अफसर व शिक्षक दोनों की गठजोड़

कई मामलों में देखा गया कि संलग्रीकरण का खेल शिक्षक और अफसर की रजामंदी से चला। शिक्षक अपनी सुविधा के अनुरूप पद स्थापना चाहता था, उसने अफसर से समीकरण जोड़े और अफसर ने उसे पहले तो आश्वासन दिया फिर शिक्षक से सेवा प्राप्त कर उसकी व्यवस्था कर दी। एक बार तो विद्यालयों में शिक्षकों की स्थिति को लेकर एक शिक्षक संघ ने खुलेआम विरोध ही कर दिया था। जिससे बहुत सारी अंदर की जानकारियां और अफसरों की करतूतें उजागर हो गईं थीं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब शिक्षक संघ भी अधिक ध्यान नहीं देता है और वह भी अफसरों से अपना तालमेल बनाए रखता है।

### उपायुक्त कार्यालय सुर्खियों में

उपायुक्त मेडम का कार्यालय इन दिनों सुर्खियों में है। हाल ही में गोहपारू के एक बालिका हॉस्टल की अधीक्षिका का निलंबन और फिर एक हफ्ते में ही उसकी उदारतापूर्ण बहाली का मामला अभी चल ही रहा था कि यह संलग्रीकरण का मामला भी आ धमका। सहायक आयुक्त ट्रायबल तो जितना जो कर रहे हैं वह चल ही रहा है अब उपायुक्त कार्यालय भी सुर्खियां बटोरने लगा है। ट्रायबल विभाग ही सबसे अधिक चर्चाओं में रहता है। औचक निरीक्षण के नाम पर सहायक आयुक्त आज तक शायद ही किसी विद्यालय में झांकने गए होंगे।

# 33 वर्षों बाद जागेगा बुढ़ार का सौभाग्य

**बुढार।** आज 20 जुलाई दिन शनिवार को दिन शनिवार को 33 वर्षों बाद एक बार फिर से बुधन नगर का भाग्य इतिहास रचने वाला है। 20 जुलाई को पूज्य राष्ट्रीय संत गुरुवार आचार्य श्री विद्यासागर जी के आशीर्वाद से पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी की कृपा एवं आदेशानुसार पूज्य मुनिश्रेष्ठ पूज्य सागर जी एवं पूज्य मुनि अतुल सागर जी के चातुर्मास कलश की स्थापना का महा महोत्सव बुढार नगर के नवीन निर्माणाधीन श्री शांतिनाथ जिनालय फॉरेस्ट ऑफिस के पास दोपहर 1 बजे से संपन्न होने जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले 33 वर्षों से यह मुनि नगरी मुनि सानिध्य के बगैर बंजर थी। चातुर्मास काल में मुनियों के सानिध्य से क्षेत्र वासियों को जो चार माह का लंबा समय धर्म लाभ हेतु मिलता है, सानिध्य मिलता है ,उस नगर में सुख- शांति का वातावरण ,धर्म की प्रभावना, बच्चों में धर्म के संस्कार का वास्तविक वीजा रोपण होता है, जीने की कला मिलती है। वह अद्वितीय है। गुरु सानिध्य से नवीन जिनालय के निर्माण कार्य में तेजी के साथ कई सारे धार्मिक अनुष्ठानों का भी सौभाग्य मिलेगा। गुरु आशीष से प्रातः 8:30 बजे मंदिर प्रांगण में श्री भक्तांबर स्त्रोत जी की कक्षाएं दोपहर 3:30 बजे से श्री छहढला जी की कक्षाएं , शाम 6 बजे से बच्चों की कक्षाएं एवं गुरु भक्ति एवं रात्रि 9 से 9:30 गुरु समक्ष भजन एवं आरती संध्या अनवरत रूप से चलायमान है जिसका पूर्ण लाभ नगर के उत्साही नवयुवक बच्चे आनंदपूर्वक उठा रहे हैं। जानकारी देते हुए जैन समाज के प्रसन्न जैन द्वारा बताया गया कि आज के इस स्थापना महोत्सव में बुढार नगर के जैन समाज के अतिरिक्त धनपुरी, अमलाई, चचाई, अनूपपुर कोतमा, बिजुरी,पेंड्रा, शहडोल सहित देशभर से हजारों की तादात में जैन समुदाय के गुरु भक्तों के पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बुढार नगर के युवा उत्साहियों द्वारा इस कार्यक्रम के लिए बृहद रूप से तैयारी की जा रही है, जैन समाज बुढार द्वारा आज पड़ोस के सभी नगरों के जैन समुदाय के लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की गई है।




# पुलिस ने वापस दिलाये खाते से गए पैसे एवं मोटर सायकिल

**उमरिया।** 19 जुलाई को राम प्रसाद शुक्ला द्वारा आवेदन दिया गया कि वह अपने खाते से किसी को पैसे सेंड कर रहा था, तभी आवेदक की स्वयं की गलती से पैसे किसी और को सेंड हो गए, जिस नंबर पर पैसे सेंड हुए उस नंबर पर आवेदक द्वारा कॉल किया गया तो, कॉलर ने पैसे वापस करने से मना कर दिया। आवेदक द्वारा सूचना थाना कोतवाली में दी गई, जिस पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही कर अनावेदक खाताधारक का पता लगाया गया, जो की उमरिया जिले का ही निवासी था, उसे समझाकर आवेदक के पैसे वापस दिलाए गए। साथ ही आवेदक को भविष्य में सावधानी पूर्वक ट्रांजेक्शन करने की हिदायत दी गईं। जगदेव प्रसाद पटेल ने 19 जुलाई को थाना पाली में सूचना दी कि वह अपने ठेकेदारी के काम से रेलवे कालोनी आया था। अपनी मोटर सायकिल खड़ी कर अपने काम में लग गया, कुछ देर बाद अपनी मोटर सायकिल खड़े करने वाले स्थान पर आया तो, देखा कि उसकी मोटर सायकिल नहीं है, कोई उसकी मोटर सायकिल लेकर चला गया है । पुलिस ने सूचना मिलते घटना स्थल पर रवाना होकर खोजबीन शुरू की, पुलिस के प्रयास से फरियादी के बताए हुए घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर आवेदक की मोटर सायकिल बरामद हुई, जिसे आवेदक को सुपुर्द की गई । दोनों ही मामलो में पुलिस की तत्परता से आवेदको को राहत पहुंचाई गई , मामलो में उचित आवश्यक विधिसंगत कार्यवाही की गई है। कायवाही में थाना पाली एवं कोतवाली पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है ।




# शासकीय प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में पौधारोपण

**शहडोल।** पर्यावरण संवर्धन के लिए पौधारोपण कार्यक्रमों की महती आवश्यकता है , इस आवश्यकता को समझते हुए टीम यश द्वारा विगत कई वर्षों से निरंतर पौधारोपण कार्यक्रम किए जा रहे हैं, टीम यश की सदस्य गोल्डी पाल के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय, कल्याणपुर जिला शहडोल के सुरक्षित परिसर में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से कटहल, नीम, आंवला आदि के पौधे रोपे गए। पौधारोपण से पूर्व छात्र-छात्राओं को पौधारोपण की आवश्यकता के बारे में संतोष मिश्रा, शाद अहमद एवं संजय कंघीकार द्वारा जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं एवं सभी शिक्षिकाओं ने बड़े उत्साहवर्धन से पौधारोपण कार्यक्रम में योगदान दिया। प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर की शिक्षिका जानकी मिश्रा, मीनाक्षी मिश्रा, सरिता सरिमान एवं टीम यश के सदस्य शाद अहमद, संतोष मिश्रा, प्रमोद विश्वकर्मा, अंकुश गुप्ता, संजय कंघीकार, आँचल वर्मा, कविता प्रजापति, भूमि वर्मा, इतवरिया पाव एवं पूजा अहिरवार की उपस्थिति रही। पौधों का सहयोग रमीत सिंह (सांझी रसोई) के माध्यम से किया गया।



# युवा लोक एवं नाट्य कलाकार को किया गया सम्मानित

**शहडोल।** कला संस्कृति सम्मान, लोक विधा में सक्रिय कार्य एवं गायन के लिए रोटरी क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जय विलास पैलेस एण्ड रिसोर्ट में युवा लोक एवं नाट्य कलाकार लकी चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया। लकी चतुर्वेदी ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अपनी लोक संस्कृति और विरासत के प्रति हम सबको जानकारी होनी चाहिए, हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि उसे सुरक्षित और संरक्षित रखने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें। लकी लगातार 12 वर्षों से शहडोल और मप्र एवं अन्य प्रदेशों में भी अपनी लोक संस्कृति बघेल खंड का परिचय लोक गीत, लोक नृत्य, नाटक, नुक्कड़ इत्यादि से कराते आएं हैं। वह अपनी संस्था सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल के माध्यम से इसे जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश में प्रयासरत हैं।




# विश्व विद्यालय में होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

**शहडोल।** उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विश्वविद्यालय में 21 एवं 22 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्रालय, म.प्र. शासन एवं अध्यक्ष प्रो. राम शंकर कुलगुरु रहेंगे। कुलसचिव प्रो.आशीष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम दो दिनों में संपन्न होगा, कार्यकम में भारतीय मनीषा के अंतर्गत गुरुपूर्णिमा का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्टभूमि पर व्यख्यान माला का आयोजन किया जाएगा, गुरु शिष्य परम्परा पर चर्चा आयोजित की जाएगी, शिक्षा में नैतिकता और वर्तमान शिक्षा प्रणाली में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा, धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रथम दिवस का समापन होगा, द्वितीय दिवस का आयोजन प्रार्थना के साथ प्रारंभ होगा, योग, ध्यान, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर चर्चा, गुरु के आदर्श उनकी जीवनगाथा, उनके शिक्षण अनुप्रयोग, आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नवाचार और उनकी भूमिका और आवश्यकता छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रश्नोत्तर भविष्य की योजनाओं की चर्चा के साथ समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के लिए समिति गठित की गई है, डॉ.विनोद कुमार शर्मा संयोजक एवं डॉ. कौशलेंद्र कुमार, डॉ.आदर्श तिवारी , डॉ सौरभ शिवा, डॉ ब्रजेन्द्र पांडेय आदि को आयोजन समिति का सदस्य बनाया गया है।



# एडीएम की जांच के बाद कलेक्टर ने रामानंद का किया तबादला

**उमरिया।** जिला मुख्यालय में राजस्व विभाग द्वारा तैनात किए गए राजस्व निरीक्षक नजूल रामानंद तिवारी के द्वारा शासकीय भूमि को खुद अतिक्रमण कराए जाने और अतिक्रमणकारियों से रुपए लेने के अलावा शासकीय भूखंडों पर भू-माफियाओं के साथ मिलकर खुर्द-बुर्द करने के आरोप तो हमेशा से लगते रहे हैं, इसी बीच उमरिया के प्रबुद्धजनों ने इस मामले की शिकायत उमरिया कलेक्टर को दी थी। कलेक्टर ने एडीएम शिव गोविंद सिंह को मामले की शिकायत सौंपते हुए इसकी जांच और अग्रिम का कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। श्री तिवारी भ्रष्टाचार की जांच में दोषी पाए गये, उनका तबादला कलेक्टर द्वारा नजूल उमरिया से घुलघुली कर दिया गया।



### यह लगे थे आरोप

जिला मुख्यालय में कई वर्षों से पदस्थ राजस्व निरीक्षक रामानंद तिवारी के द्वारा नजूल की भूमि पर लगातार हो रहे अतिक्रमण को रोकने की बात तो दूर, उनके द्वारा खुद उसे संरक्षण देकर अपनी जेब भरने के लिए लगातार शासकीय भूमियों के सौदे कराए जाते थे, रामानंद तिवारी की लापरवाही और धन लोलुपता का सबसे बड़ा उदाहरण यह था कि उन्होंने नजूल की अन्य भूमियों की बात तो दूर, जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका के द्वारा नालियों के ऊपर बनाए गए फुटपाथ पर लोगों को कब्जा करवा कर खुद की जेब भर ली। उन पर आरोप थे कि कई स्थानों पर तो उन्होंने गुमटियां रखकर उसे भाड़े पर दिया हुआ है, जिस कारण लगातार शहर की सडक़े और मुख्य चौक सिकुड़ते जा रहे हैं, इससे दुर्घटनाएं भी हो रही है और जिला मुख्यालय की सुंदरता पर ग्रहण भी लगता जा रहा है।

### लाखों की बेनामी संपत्ति

लंबे अरसे से राजस्व विभाग में टिके रामानंद तिवारी पर स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने दर्जनों स्थानों पर नजूल की भूमि को माफिया के साथ-साथ काट काटकर न सिर्फ विक्रय कर दिया, बल्कि इससे करोड़ों रुपए अर्जित भी किए हैं, उनके द्वारा अपने शासकीय सेवा में कार्यकाल के दौरान करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति बनाई है, इस मामले में आयकर विभाग और लोकायुक्त को भी स्थानीय जन अपनी शिकायतें पहुंचा रहे हैं, स्थानीयजनों का कहना है कि उनके धन लोलुपता के व्यवहार के कारण न सिर्फ शहर की सुंदरता पर ग्रहण लग रहा था, बल्कि उनकी देखा-देखी अन्य राजस्व विभाग के कर्मचारी भी अब रामानंद से प्रेरित होकर शासकीय भूखंडों के सौदे करने लगे थे, प्रबुद्धजनों ने कहा कि कलेक्टर द्वारा जिस प्रकार उन्हें मुख्यालय से हटाया गया है, उसी प्रकार उनके द्वारा अर्जित चल और अचल संपत्ति की यदि जांच करा दी जाये तो, भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा हो सकता है।

# खेल प्रशिक्षक की लापरवाही से परेशान छात्र



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी में शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों को खेल की कोई सुविधा नहीं मिलती, खेल प्रशिक्षक कभी भी स्कूल में बच्चों को खेल के बारे में जानकारी नहीं देते। स्कूल के विद्यार्थियों ने बताया कि स्कूल से कभी कोई खेल सामग्री नहीं मिलती। स्कूल के खेल प्रशिक्षक कभी दिखते ही नहीं। यहां के सीनियर खिलाड़ी समीम खान भाईजान ने बताया कि शासकीय उत्कृष्ट बालक हायर सेकंडरी स्कूल से लगे खेल मैदान में उनकी टीम में स्कूल के कुछ विद्यार्थी भी खेलते हैं। जो बताते हैं कि स्कूल से कभी कोई सामग्री नही मिलती। खेल प्रशिक्षक से फुटबाल की कई बार मांग करने के बाद भी फुटबाल नहीं दी गई। सभी खिलाड़ी आपस में चंदाजोड़ फुटबाल खरीदे व खेले। स्कूल से लगे खेल मैदान में स्कूली छात्रों सहित क्षेत्र के युवा खिलाड़ी क्रिकेट, फुटबाल बालीबाल आदि खेलते हैं। इस मैदान में बड़े-बड़े टूर्नामेंट भी होते रहे हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन खिलाड़ी छात्रों की खेल प्रतिभाओं को दबाने का काम कर रहा है। स्कूल के सबसे उदासीन एक स्थानीय शिक्षक को खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया है, जो कभी कोई खेल न खेले और न कभी किसी खेल को जाना। सूत्रों की मानें तो इस खेल प्रभारी के रहते यहां की सैकड़ो प्रतिभाएं खेल से वंचित हो गई।

# रेत के अवैध परिवहन पर की गई कार्यवाही



**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए गुरूवार के मध्यरात्रि में खनिज सर्वेक्षक समय लाल गुप्ता व उनकी टीम द्वारा ग्राम बुढ़वा तहसील ब्यौहारी में हाईवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा जाकर थाना ब्यौहारी में सुपुर्द किया गया एवं ग्राम समान तहसील ब्यौहारी के खसरा क्रमाक 913 रकवां 0.222 हे. जो की निजी भूमि है, जिसके भूमि स्वामी इन्द्रावति पति बृजेन्द्र सिंह के नाम दर्ज है की भूमि पर 80 घनमीटर (चार हाईवा) खनिज रेत का भंडारण होना पाया गया, जिसको लावारिस हालत में जप्त कर ग्राम समान के सरपंच के बेटे विक्रम सिंह वैश्य पिता बृजनंदन प्रसाद वैश्य निवासी समान की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त दोनों प्रकरणों में खनिज नियमों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

# एक पेड़ मां के नाम लगाए धरा को हरा-भरा बनाएं

**शहडोल।** सुरक्षित भविष्य के लिए पौध-रोपण ज़रूरी है तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान में एक पौधे का रोपण जरूर करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से जन आंदोलन बन चुका है। जब हम एक पेड़ माँ के नाम से रोपेगें तो हमारा विशेष रूप से भावनात्मक जुड़ाव होने से उस पौधे की देखभाल, सिंचाई एवं सुरक्षा के प्रति सतर्कता रखेंगें। आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद,एडीजीपी डी.सी.सागर एवं कलेक्टर तरूण भटनागर ने संभागीय मुख्यालय के सर्किट हाउस एवं कमिश्नर कार्यालय के परिसर में धरती माता का श्रृंगार करने एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण किया।



इस अवसर पर अध्यक्ष नगरपालिका घनश्याम जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, तहसीलदार श्रीमती दिव्या मरावी सहित अन्य लोगों ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। साथ ही पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सेल्फी भी ली।

## खबर संक्षेप

### जन अभियान परिषद द्वारा 6715 पौध रोपित किए गए

**उमरिया।** जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि एक पेड मां अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा 6715 पौध रोपित किए गए है, जिसमे नगरीय निकायो में 1367 पौध तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 5348 पौध शामिल है ।

### शिक्षा विभाग द्वारा 64 पौध रोपित किए गए

**उमरिया।** जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह गौर ने बताया कि एक पेड मां के नाम अभियान के तहत शिक्षा विभाग व्दारा 17 जुलाई को 64 पौधों का रोपण किया गया है जिसमें करकेली विकासखण्ड में 27 पौधों का रोपण, मानपुर विकासखण्ड में 21तथा पाली विकासखण्ड में 16 पौधों का रोपण विभिन्न स्कूलों की परिसरो में किया गया है ।

### क्षेत्र संचालक कार्यालय में पदस्थ महिला कर्मचारी से अभद्रता

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक के कार्यालय में एक महिला कर्मचारी के साथ अभद्रता और गाली गलौज किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस संबंध में महिला कर्मचारी द्वारा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें कोतवाली पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे एफआईआर दर्ज की है। खबर है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उमरिया मुख्यालय स्थित क्षेत्र संचालक कार्यालय में महिला कर्मचारी प्रीति द्विवेदी के द्वारा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई कि वह क्षेत्र संचालक कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात थी, तभी लगभग 4:15 बजे प्रीतम कोल नामक व्यक्ति कार्यालय में पहुंचा और उपसंचालक पी.के.वर्मा से मुलाकात करने की बात कही। इस दौरान प्रीतम कोल के साथ में लगभग 50 से 100 लोग भी रहे। महिला कर्मचारी प्रीति द्विवेदी द्वारा प्रीतम कोल को कहा गया कि वह एक पर्ची में अपना नाम, पता लिख कर दे तो, वह उप संचालक के पास ले जाकर देगी और जब उपसंचालक उसे बुलाएंगे तब उसके मुलाकात हो जाएगी। तब प्रीतम कोल द्वारा एक कागज में अपना नाम लिखकर उसे दिया। महिला कर्मचारी प्रीति द्विवेदी ने प्रीतम कोल के लिखी पर्ची को उपसंचालक को ले जाकर दिया और बताया कि उसके साथ 50 से 100 लोग शामिल हैं। उपसंचालक पी.के.वर्मा के द्वारा कर्मचारी प्रीति द्विवेदी को बोला गया कि वह प्रीतम कोल और उसके चार अन्य साथी उनके चेंबर में आ जाएं, जिससे वह मुलाकात करेंगे। इसके बाद महिला कर्मचारी प्रीति द्विवेदी के द्वारा प्रीतम कोल को जाकर यह बताया गया कि उप संचालक ने सिर्फ पांच लोगों से मिलने के लिए बोला है, तब वह उस पर भडक़ गया और गाली-गलौज करने लगा। प्रीतम कोल महिला कर्मचारी प्रीति द्विवेदी के साथ अभद्रता के साथ गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा, इसके बाद महिला कर्मचारी डर गई और घटना की पूरी बात उपसंचालक को बताई। इसके बाद उपसंचालक पी.के.वर्मा के निर्देश और कार्यालय के अन्य कर्मचारी के साथ महिला कर्मचारी प्रीति द्विवेदी उमरिया कोतवाली पुलिस के पास जाकर घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई है। महिला कर्मचारी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी प्रीतम कोल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया है।

## अमानक खाद और बीज विक्रेताओं की अब खैर नहीं

# शहडोल संभाग में फर्जी चिकित्सकों के विरूद्ध करें सख्त कार्यवाही: कमिश्नर

शहडोल

कमिश्नर बी.एस.जामोद ने संभाग में फर्जी चिकित्सकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में फर्जी चिकित्सक लोगों का उपचार कर रहे हैं तथा लोगों से मनमाने तौर पर फीस की वसूली कर रहे हैं। कमिश्नर ने कहा है कि ऐसे सभी फर्जी चिकित्सों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। कमिश्नर ने सभी मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे सभी फर्जी चिकित्सों के नाम सूचीबद्ध कर कार्यवाही करें।

### लोगों को करें जागरूक

कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग के दगना संभावित अड़तीस गांवों में महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी कर्मचारी विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन करेंगे तथा दगना की घटनाओं के प्रति लोगों



को जागरूक करेंगे। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि इन विशेष शिविरों में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, एवं पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर दगना के प्रति लोगों को जागरूक करेंगें। कमिश्नर ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भी वह समय समय पर दगना प्रथा को समाप्त करने वाले इन विशेष शिविरों में उपस्थित होकर लोगो को दगना जैसी प्रथा को समाप्त करने के लिए जागरूक करेंगें।

### सजगता से करें कार्य

कमिश्नर श्री जामोद ने उक्त निर्देश विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने शहडोल संभाग के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह एवं उनका मैदानी अमला सजगता के साथ कार्य करें, बरसात के मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों पर विशेष निगाह रखें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उल्टी दस्त होने की खबरें मिलने पर तत्काल ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीम भेजकर प्रभावित लोगों को बेहतर से बेहतर उपचार मुहैया कराएं। बैठक में कमिश्नर ने पशु टीकाकरण कार्यक्रम की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि संभाग में पशु टीकाकरण का कार्य 31 जुलाई तक पूर्ण कराएं। संभाग में पशुओं को सभी टीके लगाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने मैदानी पशु चिकित्सको को निर्देश दिए हैं कि वे बरसात के मौसम में पशु धन को होने वाली बीमारियों की सतत रूप से निगरानी रखें।

### नकली खाद-बीज बेचने पर करें सख्त कार्यवाही

बैठक में कमिश्नर ने खाद बीज वितरण कार्यक्रम की जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग में नकली खाद बीज और अमानक स्तर के खाद बीज बेचने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि नकली खाद-बीज की किसानों से शिकायत मिलने पर किसानों की शिकायत को अति गंभीरता से लें तथा नकली खाद बीज बेचने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। बैठक मे कमिश्नर ने विद्युत वितरण व्यवस्था, जनमन योजना, पौधरोपण कार्यक्रम एवं सहकारिता विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की।

# स्कूलों का निरीक्षण करें सभी विभागीय अधिकारी: कमिश्नर जल जीवन मिशन के कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं

शहडोल।

कमिश्नर बी.एस.जामोद ने संभाग के सभी विभागीय अधिकारियों को भ्रमण के दौरान स्कूलों का सतत रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान शासकीय स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण करें तथा देखें कि स्कूल में शिक्षक समय पर उपस्थित होकर अपना शैक्षणिक कार्य कर रहें है अथवा नहीं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक की जानकारी, अधिकारी कमिश्नर कार्यालय को मुहैया कराएं। कमिश्नर ने कहा है कि स्कूलों से मनमाने तौर पर अनुपस्थित शिक्षकों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने स्कूलों के भ्रमण के दौरान मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### छात्रावासों का करें निरीक्षण

कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि संभाग की सभी शासकीय शालाओ में विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराना हम सब की जवाबदेही है। स्कूलों के निरीक्षण के कार्य को सभी अधिकारी अति गंभीरता से लें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी भ्रमण के दौरान छात्रावासों का भी निरीक्षण करें तथा छात्रावासों की स्थिति के संबंध में अपना प्रतिवेदन उपायुक्त जनजाति कल्याण विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण कार्य की समीक्षा की तथा




निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का वितरण समय पर कराना सुनिश्चित किया जाए।

### छात्रवृत्ति वितरण के गतिरोध को करें दूर

कमिश्नर ने जनजाति कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे छात्रवृत्ति वितरण में हो रहे गतिरोध को दूर करने के लिए उच्च स्तरीय अधिकारियों से चर्चा करें तथा छात्रवृति वितरण में आ रहे गतिरोध को तत्काल दूर करने का प्रयास करें। बैठक में शासकीय शालाओ में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क किताब वितरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने उप संचालक शिक्षा को निर्देश दिए कि संभाग की शासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सभी विषयों की किताबें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा जिन विषयों की किताबें उपलब्ध नहीं हुई है, उसकी कक्षावार सूची बनाकर आज ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### उच्च गुणवत्ता से हो स्कूलों का निर्माण

बैठक में कमिश्नर ने सीएम राईज स्कूलों के निर्माण की प्रगति की जिले वार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम राईज स्कूलों का निर्माण प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि सीएम राईज स्कूलों के निर्माण में उच्च स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। शिक्षा विभाग के अधिकारी सीएम राईज स्कूलों के निर्माण कार्यों का सतत रूप से समय-समय पर निरीक्षण करें तथा देखें कि स्कूलों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है या नहीं।

### अति गंभीरता से शिकायतों का हो समाधान

बैठक में कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य उच्च गुणवत्ता के होने चाहिए इसमें लगने वाली निर्माण सामग्री भी उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। कमिश्नर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल जीवन मिशन के कार्यों का सतत रूप से निरीक्षण करें तथा देखें की निर्माण एजेंसी ने गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री लगाया है अथवा नहीं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों से जल जीवन मिशन के कार्यो में घटिया स्तर की निर्माण सामग्री लगाए जाने की शिकायतें मिल रही हैं इन शिकायतों को अधिकारी अति गम्भीरता से लें और जल जीवन मिशन के कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।

### शुद्ध पानी हो उपलब्ध

कमिश्नर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि लोगों को वर्षा काल में स्वच्छ और शुद्ध पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय अधिकारी अथवा अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का सतत रूप से निरीक्षण करें और लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में उल्टी दस्त होने की सूचना मिलने पर इसकी जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की भी समीक्षा की ।

# राजस्व महा-अभियान 31 अगस्त तक चलाया जाएगा

### शत प्रतिशत प्रतिशत सैचुरेशन अर्जित किया जाकर अभियान को सफल बनाया जावे: कलेक्टर

**उमरिया।** प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल व्दारा राजस्व महा-अभियान प्रथम चरण (जनवरी-मार्च 2024) की सफलता को देखते हुए, राज्य शासन के द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने हेतु राजस्व महा- अभियान 2.0 का आयोजन 31 अगस्त तक किए जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों (आर सी एम एस) में समय-सीमा पार लंबित प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती) का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को त्ब्डै पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएमकिसान का सैचुरेशन, समग्र का आधार से ई केवायसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन करना है।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग बांधवगढ, मानपुर, पाली, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तहसील बांधवगढ, मानपुर, पाली, चंदिया, करकेली, बिलासपुर, नौरोजाबाद , उप तहसील बरबसपुर से कहा है कि अभियान के दौरान आर सी एम एस पर प्रकरण दर्ज कराना और पूर्व आदेशों का खसरों और नक्शे में अमल, संभागायुक्त, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तहसील न्यायालयों का निरीक्षण, आर सी एम एस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम , समग्र ई केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान सैचुरेशन, स्वामित्व, फार्मर रजिस्ट्री, प्रचार-प्रसार, पुरूस्कार की गतिविधियां संचालित की जाएगी ।

कलेक्टर ने कहा है कि निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जावे एवं शत प्रतिशत प्रतिशत सैचुरेशन अर्जित किया जाकर अभियान को सफल बनाया जावे। राजस्व महा-अभियान 2.0 के लिए अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम नोडल अधिकारी होगे । अभियान की प्रतिदिवस प्रगति की जानकारी रात्रि 9 बजे तक नोडल अधिकारी (अपर कलेक्टर) को प्रस्तुत करें एवं नोडल अधिकारी संकलित जानकारी से कलेक्टर को अवगत करावेंगे। अभियान में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। लापरवाही करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों, पटवारी व राजस्व निरीक्षकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित जावेगी।




### कलेक्टर ने युवाओं को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र, की कार्यों की सराहना

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने युवा टीम उमरिया के द्वारा स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जल गंगा संवर्धन अभियान,नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, सिकल सेल जागरूकता, बाल विवाह, बाल संरक्षण, बाल मजदूरी जागरूकता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर सराहना की तथा युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु युवा पीढ़ी आगे आए और अधिक से अधिक पौधों का रोपण करे। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि पृथ्वी की खूबसूरती एवं हरा-भरा बनाए रखने के लिए सभी पौधरोपण करें, पौधरोपण से पर्यावरण के संतुलन में भी काफी सुधार होगा। युवा टीम के संयोजक हिमांशु तिवारी ने कलेक्टर को अवगत कराया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत युवा टीम उमरिया के द्वारा अब तक 2500 पौधों का रोपण किया गया है। इसी प्रकार युवा टीम द्वारा उमरिया जिले में किये जा रहें विभिन्न कार्यों के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, शिखा बर्मन, श्रीराम तिवारी, राहुल सिंह, रुद्र प्रधान,शरद तिवारी,आयुष शिवहरे,संजीवनी पटेल उपस्थित थें।

### जिला प्रशासन का जनप्रतिनिधियों के साथ सुझाव बैठक हुई आयोजित

# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए चलाया जा रहा राजस्व महाअभियान




अनूपपुर।

राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं राजस्व त्रुटियों के सुधार के लिए प्रदेश में राजस्व महा-अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। राजस्व महा-अभियान 2.0 के क्रियान्वयन से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में प्रभारी कलेक्टर अमन वैष्णव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह, जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, जिला पंचायत की सदस्य किरण चर्मकार, जनप्रतिनिधि रमेश सिंह सहित अधीक्षक भू-अभिलेख उपस्थित थे। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी कि राज्य शासन द्वारा जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों के सुधार हेतु 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा-अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालय में समय-सीमा बाह्य लंबित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना के तहत सभी पात्र किसानों को लाभ देना, समग्र का आधार ई-केवाईसी और खसरे की समग्र/ आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन है। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण एक अगस्त से 15 सितम्बर तक होगा। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी कि राजस्व अधिकारी डोर-टू-डोर सर्वे तथा शिविर लगाकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों को तहसीलवार लंबित, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नामांतरण की समय-सीमा से बाहर की स्थिति, नक्शा तरमीम, समग्र आईडी लिंक सहित अन्य विभिन्न लंबित प्रकरणों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बताया कि जिले में स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण शत-प्रतिशत किया जा चुका है। राजस्व महा-अभियान 2.0 की प्रतिदिन मॉनीटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र अंतर्गत लोगों को इस अभियान के प्रति जागरूक करें, जिससे अधिक से अधिक राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता से हो सके। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि राजस्व अधिकारी-कर्मचारी राजस्व महा-अभियान 2.0 का गंभीरता तथा संवेदनशीलता के आधार पर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। इस संबंध में समय-समय पर उनके कार्यों की गहनता से समीक्षा की जाए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाईन या अन्य विभिन्न माध्यमों से किसानों और लोगों के प्राप्त राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण इसी अभियान के माध्यम से कराया जाना चाहिए। जनप्रतिनिधियों ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अमले के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का भी सुझाव दिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा राजस्व महा-अभियान के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए।

# खरीफ फसलों के लिए जुलाई माह का कृषि परामर्श

**उमरिया।** उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया ने बताया कि जिले हेतु खरीफ फसलो के लिए जुलाई माह के लिए फसल मूँग एवं उडद में खरपतवार नियंत्रण के लिए फसल की 20-25 दिन की अवस्था पर निंदाई खुरपी या हैण्ड हो की सहायता की करे। जल निकासी की उचित व्यवस्था करे। अरहर फसल के लिए अरहर की बुवाई के लिए मेड विधि को प्राथमिकता दे जिससे अच्छी उपज प्राप्त हो सके, अरहर में खरपतवार नियंत्रण हेतु बुवाई के बाद व अंकुरण के पूर्व खरपतवारनाशी पेन्डीमेथिलीन 2.5-3 ली/ हेक्टर की दर से 600-800 ली0 पानी में घोल बनाकर उपयोग करे, बुवाई के 20-25 दिन बाद खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई हेन्ड हो या खुरपी के माध्यम से करे तथा सघन पौधे को निकाल देना चाहिए, जल निकासी की उचित व्यवस्था रखे। मूँगफली फसल के लिए बुवाई के 2- 25 दिन बाद खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई हेन्ड हो या खुरपी के माध्यम से करे। मक्का फसल के लिए बोने के 15-20 दिन बाद डोरा (हो) चलाकर खरपतवार नियंत्रण करना चाहिए, मक्का में अनुशंसित नत्रजन उर्वरक की 1/3 मात्रा यूरिया के रूप में बुआई के 20-25 दिन बाद अवश्य हे. खेतो में अतिरिक्त वर्षा जल की निकासी हेतु नालियों बनाए। मक्का में फॉल आर्मीवार्म की निगरानी हेतु प्रभावित क्षेत्रो में फसल के अंकुरण पर या उससे पहले 5 फेरोमैन ट्रेप प्रति एकड की दर से स्थापित करे, शुरूआत में फसल यदि आर्मीवार्म से प्रभावित हो तो 1.5 प्रतिशत नीम के बीज के अर्क (एनएसकेई) या या एजेडिरॉक्टिन 1500 पीपीएम / 5 मि0ली/ ली0 का पानी में घोल बनाकर छिडकाव करे। सोयाबीन फसल के लिए सोयाबीन की एक ही किस्म की बुवाई करने के स्थान पर भिन्न-भिन्न समय में पकने वाले 2-3 अनुशंसित किस्मो का चयन करे, सूखे/ अतिवृष्टि से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सोयाबीन की बुवाई बी0बी0एफ0 या रिच एवं फरी पद्धति से करे, सोयाबीन की फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु 15-20 दिन की अवस्था पर एमेझेधापायर खरपतवारनाशी का। ली/ हेक्टर की अर से 750 ली0 पानी में घोल बनाकर छिडकाव करे, छिडकाव हेतु फ्लेट फैन अथवा फ्लड जेट नोजल में द्वारा ही किया जाना चाहिए, सोयाबीन में नीला भंग (ब्लू बीटल) का प्रकोप दिखाई देने पर कीटनाशक क्वीनॉलफॉस 1-5 ती/ हेक्टर का छिडकाव नियंत्रण हेतु करे। धान फसल के लिए धान की कतार में बुवाई विधि का प्राथमिकता दे, धान की नर्सरी में यदि भूरा धब्बा ब्लास्ट के लक्षण दिखाई दे तो मेन्कोजेब 2.5 ग्रा/ लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिडकाव करे। धान की रोपाई के लिए एक सप्ताह पूर्व खेत की सिंबाई कर दे, रोपाई से पहले 2-3 जुताईयां हैरो से करके तथा बाद में पानी भर कर खेत में पडलर एवं टिलर से जुताई करने व पाटा लगाकर शकर मृदा को लेह युक्त एवं समतल बना ले, खेत में पहली मचाई (पडलिंग) के पूर्व लगभग 2 टन अच्छी प्रकार से पकी हुई हुई गोबर खाद देनी चाहिए, उर्वरको का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना चाहिए।

# आदिवासी महिला के घर और बाड़ी पर जबरदस्ती जेसीबी चलवाये जाने का आरोप

**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां अमलाई में एक आदिवासी महिला जयमंती बैगा पति स्व. चिंता बैगा ने आरोप लगाया है कि गांव के ही निवासी शोभनाथ गुप्ता पिता मोहनलाल गुप्ता द्वारा उसकी बाड़ी और घर पर जबरदस्ती दबंगई दिखाते हुए जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया है जिससे उसके रहने का ठिकाना छीन गया है। जिसकी शिकायत पीड़ीता ने थाना चचाई और पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को दी है। महिला ने बताया कि वह पति की मृत्यु के उपरांत बरगवां में ही दूसरे जगह मकान बनाकर रहने लगी थी और महिला ने शिकायत में कहा है कि जब वह अपने लड़की के घर बकहो में गई थी तभी जमीन पर जेसीबी चलवाया गया जिसकी जानकारी लगने के बाद महिला ने पुलिस अधीक्षक अनूपपुर और थाना चचाई में शिकायत की है।

### मेरी पुश्तैनी भूमि है आपसी द्वेष निकलने शिकायत की गई

इस संबंध में शोभनाथ गुप्ता ने बताया कि जिस भूमि पर जबरदस्ती कब्जा किये जाने की शिकायत की गई है वह उनके पिता मोहनलाल गुप्ता के नाम पर थी और उनकी मृत्यु के उपरांत शोभनाथ गुप्ता के नाम पर है। जिसका खसरा क्रमांक 496/4/2/2 रकवा 0.809 हेक्ट. है। जिसमे खेती कर रहे थे किंतु मुंडलु बैगा,मोले बैगा, हरिलाल एवं चिंता बैगा द्वारा कुछ अंश पर जबरन कब्जा कर लिया गया था जिस पर 2009 में तत्कालीन कलेक्टर अनूपपुर द्वारा विधिवत आदेश पारित कर उन्हें भूमि से बेदखल कर दिया गया था शोभनाथ गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में बताया कि परिवार के ही मुकेश, रितेश एवं नीलेश गुप्ता द्वारा भूमि पर कब्जा करने की नीयत से मारपीट की गई है और धमकी भी दी गई है। और इनके बरगलाने के बाद ही जयमंती बैगा और अन्य तीन महिलाओं के साथ मिलकर घर पहुंचकर गाली गलौच की गई एवं आदिवासी एक्ट में फसाने की धमकी दी गई है। शोभनाथ गुप्ता ने बताया कि मुझे षड्यंत्र में फसाने की कोशिश की जा रही है जिसकी जांच चल रही है।

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा धूमधाम से श्रीराम जानकी मंदिर में मनाया जायेगा, भंडारे का होगा आयोजन



**बुढार।** वर्षोंसे गुरु और शिष्य के बीच आदर सम्मान की परंपरा का पर्व रविवार को श्रीराम जानकी मंदिर में धूमधाम से मनाई जायेगी। गुरु पूजनम उत्सव श्री रामजानकी मंदिर बुढार में रविवार पूर्णिमा 21 जूलाई के दिन प्रातः काल से साकेत वासी महंत स्वामी श्री नारायण दास जी महाराज की प्रतिमा पर उनके शिष्यों द्वारा विद्वान आचार्यों के सानिध्य में पूजन किया जाएगा साथ ही साथ मंदिर के महंत श्री श्री रामबालक दास जी महाराज के भक्त शिष्य गण आचार्य प्रवर के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धा पूर्वक चरण प्रक्षालन से लेकर चन्दन, तिलक, माल्यार्पण, भोग,वस्त्र,अर्थ सहित पूजन अर्चन कर आशीर्वाद ग्रहण कर जीवन को कृतार्थ करेंगे। यह क्रम अपराह्न तक चलता रहेगा, इसी बीच मंदिर में सभी शिष्य मंदिर प्रांगण में भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे यह मंदिर विरक्त संतो का मंदिर है जो आज भी उसी परम्परा का विधिवत निर्वहन कर रहा है। मंदिर के महंत श्रीराम बालक दास महाराज जी ने सभी शिष्यों से आग्रह करते हुए कहा है कि रविवार 21 जूलाई को दोपहर 12 बजे से मंदिर प्रांगण में भंडारे प्रसाद का आयोजन किया गया है जिसमें सभी धर्म के लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें।

### आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं मिलता नास्ता




**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत खामडांड में हमारे संवाददाता 10.30 पहुंचे जहां बच्चों से बात करने पर बताया की अभी तक हमें नास्ता नहीं मिला जबकि साझा चूल्हा के तहत बच्चों को सुबह 9:00 बजे नाश्ता और डोपा हर भोजन देने का नियम है लेकिन समूह संचालक द्वारा नाश्ता और भोजन साथ में दिया जा रहा है ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि जब नाश्ता और भोजन एक साथ दिया जाएगा तो बच्चे नाश्ता करेंगे या भोजन इसका मतलब यह है कि समूह संचालक नाश्ता देना ही नहीं चाहते ग्राम वासियों ने समूह संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है

### शांति पूर्ण निकाला गया मुहर्रम का जुलूस



**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत नगर में दो जगह ताजिया बनाई गई17 जुलाईसुबह 5:00 बजे दोनों जगह ताजिया चौक पर रखाई गई उसके बाद फातिहा शरीफ हुआ फातिहा के बाद मुस्लिम समुदाय अपने-अपने घर मेंखिचड़ी बनाकर इमाम हुसैन के साथ-साथ शहीदे कर्बला के शहीद के नाम फातिहा की गई ठीक शाम ठीक शाम 6:00 बजेचौक जो की मस्जिद मोहल्ला वार्ड क्रमांक 3 में मौजूद है वहां से चलकर ताजिया जमा मस्जिद ब्यौहारी- तक लाई गई ईस दौरान अकीदतमंदों की भारी भीड़ में देखने को मिली व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लि पुलिस मुस्तैद रही रात्रि 9:00 बजे ताजिया विसर्जन कर्बला शरीफ में किया गया वहां भी पुलिस व्यवस्था रखी गई है मोहर्रम का त्योहार शांति पूर्ण ढंग से मनाया गया।

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**रीवा।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि के उद्देश्य से उन्हें संरक्षण देने हेतु जिले के सभी जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में मत्स्याखेट प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर ने मत्स्योद्योग निगम की 1972 की धारा (2) के तहत उक्त अवधि को क्लोज सीजन घोषित करते हुए आमजन से अपेक्षा की है कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें।

# नगर पालिका की बैठक: वही ढपली, वही राग

## मॉडल रोड और हास्पिटल भवन बनाने का लिया गया संकल्प

**धनपुरी।** हर महीने वही सभागार, वही बैठक, वही पार्षद एवं पदाधिकारी और वही पुराने घिसे-पिटे मुद्दे, पार्षदों की छोटी-छोटी अनसुलझी समस्याएं और उनकी गुहार यह क्रम नई परिषद के गठन के बाद से अनवरत जारी है कब तक जारी रहेगा इस सवाल का जवाब शायद किसी के पास नहीं है। नगर पालिका सभागार में 18 जुलाई गुरुवार दोपहर 11 बजे परिषद की बैठक आहूत की गई को लेकर नगरपालिका के 28 वार्डों के पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा नगरपालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल इंद्रजीत सिंह छावड़ा, नगर पालिका सीएमओ प्रभात वरकडे सहित नपा अधिकारी कर्मचारी के उपस्थिति में परिषद की बैठक नगर पालिका की बैठक में एक दर्जन से अधिक बिंदु पर चर्चा की गई।

### दो वार्डों में विकास शेष में कहानी

नगर पालिका का चुनाव हुए लगभग 2 वर्ष पूरे होने वाले हैं 2 वर्ष के अंतराल में विकास के नाम पर वार्ड नंबर 1 एवं वार्ड नंबर 2 के विकास को छोड़कर अन्य वार्डों में आज भी पानी की कहानी में उलझी हुई है। नगर पालिका 28 वार्ड में से 15 महिला वार्ड होने के बाद भी परिषद में समस्याओं को सुलझाने की जगह उलझा कर रह गए। आज भी परिषद के बैठक में छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर ही पार्षदगण उलझ कर रह गए हैं। नगर के अधिकांश वार्ड पानी की सिर्फ कहानी ही सुन पा रहे हैं।

### मॉडल रोड, हास्पिटल बनेगा

परिषद की बैठक में इस बार भी मॉडल रोड का मुद्दा परिषद में उठाया गया नरगडा पुल से आजाद चौक होते हुए बघइया पुल तक माडल रोड चौड़ी करने सहमति रखी गई है। मॉडल रोड बनने से नगर का विकास सौंदरीकरण देखने को मिलेगा रोड चौड़ीकरण को लेकर कई लोग पहले से ही मन बना लिया है कि आज नहीं तो कल रोड चौड़ीकरण होना है। नगर पालिका के द्वारा लोगों को नोटिस दी जाएगी। वार्ड नंबर 22 अमरकंटक में रोड निजी भूमि अग्रहित कर परिषद में प्रस्ताव रखा गया है जहां पर नगर पालिका के द्वारा हॉस्पिटल का निर्माण कराया जाएगा।

### बायोमेट्रिक मशीन, ड्रेस कोड

नगर पालिका परिषद में पार्षद को द्वारा बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने की बात रखी गई जिससे नगर पालिका में लगभग 200 कर्मचारी कार्यरत हैं जिनकी हाजिरी बायोमेट्रिक मशीन से हाजरी लगाई जाए क्यों? कर्मचारी ड्रेस कोड बनाने की बात पूर्व में भी रखा गया था जिसे पुनः परिषद में उठाया गया ड्रेस कोड से कर्मचारियों की पहचान किस वार्ड में काम कर रहे हैं देखा जा सकता है इस कार्य के लिए जिम्मेदार कर्मचारी को दिया गया है वह कर्मचारी डेस कोड बनाने में लापरवाही की जा रही है।

### दर्जनों बैठक, पानी की कहानी

नगर पालिका परिषद की पहली बैठक से लगभग दो दर्जन से अधिक बैठक होने के बाद भी वार्ड में पानी की समस्या साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था को लेकर वार्ड पार्षद की समस्या से उलझ कर रही गई है।

# बेटे के साथ मायके गई महिला के सूने ने आवास में चोरों ने बोला धावा, नगदी, जेवरात और बर्तन लेकर हुए रफूचक्कर




**रीवा।** जिले के गढ़ क्षेत्र में सक्रिय चोरों ने एक बार फिर महिला के सूने आवास में धावा बोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के वक्त पीड़ित महिला अपने पुत्र के साथ मायके गई हुई थी, तभी चोरों ने उसके घर में धावा बोलते हुए नकदी, जेवरात और बर्तन ले कर फरार हो गए। मामले में पीड़ित महिला की ओर से चोरी की उक्त घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है, जिसे पुलिस ने जांच में लेकर चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है।

गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगतीरा मे रहने वाली पार्वती साकेत नाम की महिला बीते दिवस अपने पुत्र के साथ मायके गई हुई थी। पीड़ित महिला के मुताबिक उसके घर के आसपास परिवार के ही लोग रहते हैं जिनके द्वारा फोन पर घर में चोरी हो जाने की सूचना दी गई। चोरी की खबर मिलते ही महिला जब मायके से अपने घर वापस लौटी तो उसने पाया कि घर में रखी हुई संदूक का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखी नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात और तांबे के बर्तन गायब है,फिलहाल पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत गढ़ थाने में दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है और चोरों का पता लगाने में जुट गई है।

# उल्टी दस्त से पीड़ित आठ माह के मासूम की मौत

### परिजनों ने उपचार में लापरवाही का लगाया आरोप

**रीवा।** जिले के त्योथर मे उल्टी दस्त के चलते सिविल अस्पताल में भर्ती 8 माह के मासूम बच्चे की मौत हो गई परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है,बच्चे की मौत के बाद आक्रोशित परिजन सहित ग्रामीण भारी संख्या में त्योथर के सिविल अस्पताल पहुंचे है, जिनके द्वारा लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक व स्टाफ पर कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे,आक्रोशित लोगों का आरोप है कि अस्पताल में उपचार के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है, जिसके चलते मासूम बच्चे की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक त्योथर स्थित वार्ड क्रमांक 4 निवासी अशोक वर्मा के 8 वर्षीय मासूम बच्चे श्रेयांस को उल्टी दस्त की शिकायत थी। परिजन बच्चे को उपचार के लिये त्यौंथर के सिविल अस्पताल ले गये जहां उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। बच्चे की हुई इस मौत पर परिजनों नें उपचार के नाम पर खानापूर्ति करते हुये लापरवाही का आरोप लगाया और बच्चे की मौत का जिम्मेदार अस्पताल के ही डॉक्टर को ही ठहराया है, हंगामे को देखते हुये मौके पर स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य अमला पहुंचा है जहां प्रशासन की ओर से आक्रोशित लोगों को समझाइस देकर शांत कराया वही प्रशासन की ओर से एक सप्ताह के भीतर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करने सहित बच्चे की मौत पर पीएम कराने और जांच करा कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

### इनका कहना है

ऐसी लापरवाही दोबारा घटित नहीं होगी पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ आर.के पाठक**
**बीएमओ स्वास्थ्य विभाग त्योथर रीवा**

# ओलिंपिक के मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिलायंस सीबीएम - सीएसआर द्वारा लेटस मूव इंडिया अभियान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवरी क्र. 1 में किया गया

**बुढार।** भारत के ओलंपिक की मेजबानी की महत्वाकांक्षा के अनुरूप, रिलायंस फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ मिलकर बच्चों में सम्मान, मित्रता और उत्कृष्टता के ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से रिलायंस फाउंडेशन लेट्स मूव इंडिया अभियान चलाया जा रहा है, और इस पहल का उद्देश्य खेल और ओलंपिक के सकारात्मक प्रभाव का उपयोग करके एक स्वस्थ और अधिक सक्रिय समाज का निर्माण करना है।रिलायंस सी बी एम सी एस आर प्रोजेक्ट द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवरी क्र. 1 में लेट्स मूव इंडिया अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में रिलायंस सी बी एम सी आर हेड - राजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं आयोजित होने बाली गतिविधियों को विस्तार पूर्वक उपस्थित छात्रों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अतिथि रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट साइट हेड - राजेश वर्मा ने छात्राओं को ओलम्पिक के उद्देश्य, मूल्य एवं खेलों का जीवन में महत्व पर विस्तार पूर्वक अवगत कराया और कहाकि - खेल के माध्यम से स्वस्थ्य एवं शारीरिक विकास का भरपूर लाभ खेल की दिशा में मिलता है, जो खिलाड़ियों के लिये निश्चित ही सार्थक है। विद्यालय के प्राचार्य के.पी. सिंह ने इस अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा लेट्स मूव इंडिया के चलाये जा रहे अभियान का स्वागत किया और विद्यालय में छात्रों को प्रेरित करनें वाले इस कार्यक्रम के आयोजन का स्वागत किया है, और उन्होंने रिलायंस के समस्त स्टाफ को इसके प्रति



धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रिलायंस के फुटबॉल कोच ने बालिकाओं एवं अन्य प्रतिभागियों के साथ बिभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ओलम्पिक के मूल्यों को समझाने का भरसक प्रयास किया, और बालिकाओं ने उत्साह के साथ समस्त प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के मध्य रिलायंस सीबीएम सीएसआर द्वारा संचालित फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर्स से चयनित 12 खिलाडियों जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ठ खेल प्रदर्शित किये, उन्हें सम्मानित किया गया, वहीं देवरी क्र 1 में आयोजित कार्यक्रम के प्रतियोगिता में उत्कृष्ट् प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को साइट हेड एवं कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने मैडल पहना कर सम्मानित किया। छात्रों के मध्य आयोजित कोन गेम प्रतियोगिता में - उदय यादव, पारवती बैगा, गमला सिंह, ख़ुशी सिंह, केवती सिंह, आदर्श सिंह, सुहानी बैगा तथा कोन बैलेंस रेस प्रतियोगिता में - अंशुनि यादव, आशीष सिंह, आदित्य केवट एवं हुलाहूप गेम प्रतियोगिता में - प्रतिभा सिंह, ब्रजेश सिंह विजेता रहे, जिन्हें सम्मानित किया गया।आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 350 से अधिक छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में - रिलायंस सीबीएम एवं रिलायंस जिओ के 50 से अधिक कर्मचारियों ने वालंटियर्स के रूप में उत्साहपूर्वक सम्मिलित रहे और कार्यक्रम में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ समीम खान ने किया। कार्यक्रम में खेलों का संचालन फुटबॉल कोच सीताराम, संग्राम सिंह, जसराम, अक्षत, पुष्पा लोधी यशोदा, राजू बैगा, आशीष साहू ने किया।कार्यक्रम में विशिष्टरूप से - सीबीएम प्रोजेक्ट के राजीव पांडेय, नीरज चौरसिया, गौरव पाठक, दिव्या, श्रीकांत अग्रवाल, सर्वेश्वर पांडेय, कुंवरबली सिंह, अभिलाष तिवारी, बीरेंद्र प्रजापति, अश्वनी शर्मा, अपूर्वा टोप्पो, तथा विद्यालय के शिक्षकों, ग्राम के सम्मानित नागरिक एवं पंचायत प्रतिनिधि तथा रिलायंस फाउंडेशन के क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।लेटस मूव इंडिया का पहल - आईओसी का एक वैश्विक अभियान है, जिसे 23 जून, 2023 को लॉन्च किया गया था। यह दुनिया भर के लोगों को उनके दैनिक जीवन में अधिक शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ साझेदारी में विकसित और ओलंपियनों द्वारा नेतृत्व किया गया यह अभियान नियमित गतिविधि के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, और लेट्स मूव इंडिया अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं कि - शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देना हर दिन कम से कम 30 मिनट की गतिविधि को प्रोत्साहित करना। युवाओं को सक्रिय करनाः युवाओं और बच्चों को हर समय और कहीं भी सक्रिय रहने की दैनिक आदत बनाने के लिए प्रेरित करना। एकता को बढ़ावा देनाः लोगों को लिंग, आयु या स्थान की परवाह किए बिना एक सामान्य उद्देश्य के लिए एक मंच प्रदान करना। मुख्य गतिविधिया - ओलंपिक डे के पूर्व में, विभिन्न मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा ताकि बच्चों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके, जबकि वे अपने पसंदीदा ओलंपिक एथलीटों का समर्थन भी कर सकें। इन गतिविधियों में शामिल हैंः - बाहरी और अंदरूनी गतिविधियाँः उत्कृष्टता, सम्मान और मित्रता के मुख्य ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली मजेदार गतिविधियाँ। ओलंपिक डे समारोहः छात्र और शिक्षक एक एथलीट से मिलने का अवसर प्राप्त करेंगे, जिससे वे शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और खेलों में भाग लेने की प्रेरणा प्राप्त करेंगे।

# मंदिर परिसर में असामाजिक तत्वों ने फेंका मरा हुआ कुत्ता, पैरों में बंधी मिली रस्सी

### लक्ष्मणबाग स्थित मुक्तिधाम में निर्मित महादेव मंदिर की घटना लोगों ने की कार्यवाही की मांग

**रीवा।** शांति का टापू कहे जाने वाले रीवा जिले में असमाजिक तत्वों के द्वारा लगातार अशांति फैलाने व सामाजिक सौहाद्र बिगाडने की कोशिश की जा रही है, एक बार फिर बिछिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मणबाग स्थित मुक्ति धाम में निर्मित महादेव मंदिर मे असमाजिक तत्वों के द्वारा हिंदू धर्म की आस्था से खिलवाड किया गया है। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कहे जाने वाले लक्ष्मणबाग स्थित मंदिर परिसर में असमाजिक तत्वों के द्वारा मरा हुआ कुत्ता फेंक दिया गया है। कुत्ते के पैर में रस्सी बंधी हुई है जिससे साफ जाहिर होता है कि मरे हुये कुत्ते को दूसरी जगह से घसीटकर लाया गया और उसे मंदिर में फेंक दिया गया। इस घटना से स्थानीय लोगों में पूरा दिन आक्रोश रहा वही उनके द्वारा घटना की घोर निंदा करते हुये हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है, माना जा रहा है कि यह क्रत्य किसी असमाजिक तत्व का है जिसके द्वारा ना सिर्फ धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड किया गया बल्कि अशांति फैलाने वा सामाजिक सौहाद्र को बिगड़ने की कोशिश की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं आये दिन प्रकाश में आ रही है जिससे हिंदूओं की आस्था पर ठेस पहुंचाया जा रहा है, जिसमे पुलिस द्वारा निपक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ गाड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# सेल्फी ले रही नवविवाहिता क्योटी जल प्रपात में गिरी पति के साथ प्रयागराज से पिकनिक मनाने आई थी रीवा

### सिरमौर थाना क्षेत्र क्योटी जल प्रपात की घटना

**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटक स्थल क्योटी जलप्रपात में पिकनिक मनाने आई एक नवविवाहित महिला सेल्फी लेने के दौरान हादसे का शिकार हो गई है। मिली जानकारी के अनुसारक्योंटी जलप्रपात के किनारे खड़े होकर सेल्फी ले रही महिला अचानक से फिसल कर हजारों फीट गहरे जलप्रपात में जा गिरी है। घटना के वक्त मौके पर महिला का पति व परिवार के सदस्य मौजूद थे। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और जलप्रपात में गिरी महिला की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है । पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तिका पटेल पति सौरव पटेल उम्र 25 वर्ष जिसका विवाह महज तीन माह पूर्व यूपी के प्रयागराज में हुआ था,वह शुक्रवार को अपने पति और परिवार जनों के साथ पिकनिक मनाने के लिए रीवा स्थित क्योटी जलप्रपात आई हुई थी।यहां महिला सहित परिवार के लोग पिकनिक मना रहे थे इसी दौरान महिला जब जलप्रपात के किनारे खड़े होकर सेल्फी ले रही थी तभी उसका पैर अचानक से फिसल गया और वह हजारों फीट गहरे जलप्रपात में जा गिरी। घटना के दौरान मौके पर मौजूद परिजन सहित लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई, वहीं सूचना मिलती ही सिरमौर पुलिस मौके पर पहुंची है और महिला की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

# अभिलेख सुधार तथा ईकेवाईसी के सभी प्रकरण 29 जुलाई तक निराकृत करें

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने हुजूर तथा गुढ़ तहसील के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के तहत प्रत्येक पटवारी हल्के में सप्ताह में तीन दिन शिविर लगाकर बी-1 का वाचन करके फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज करें। नक्शा तरमीम तथा अभिलेख में सुधार के सभी प्रकरण शिविर में मौके पर सुनवाई कर निराकृत करें। किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी तथा आधार सीडिंग के सभी लंबित प्रकरण 29 जुलाई तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। स्वामित्व योजना में जिन गांवों में ड्रोन सर्वे हो चुका है वहाँ के नक्शों की शत-प्रतिशत ग्राउण्ड ट्रुथिंग करके 10 अगस्त तक प्रकरण निराकृत कराकर पात्र हितग्राहियों के भू अधिकार पत्र तैयार करें। इनका वितरण 15 अगस्त तक सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए सभी पीठासीन अधिकारी अपने अधिकारिता का ध्यान रखें। सभी पीठासीन अधिकारी, राजस्व प्रकरण की सुनवाई के बाद ऑर्डर शीट सोच-समझकर लिखें। इनमें किसी भी तरह की गलती होने पर पीठासीन अधिकारी पर ही कार्यवाही होगी। अभिलेख सुधार और नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। राजस्व महाअभियान में इनका शत-प्रतिशत निराकरण करें। अविवादित नामांतरण के प्रकरण लोक सेवा गारंटी में तय की गई तीस दिन की समय सीमा में निराकृत करें। इसमें यदि कोई तहसीलदार 30 दिन से अधिक अवधि की पेशी की तिथि देता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि पीठासीन अधिकारी आरसीएमएस पोर्टल में सभी राजस्व प्रकरण दर्ज कर उनका समय सीमा में निराकरण करें। यदि कोई प्रकरण बिना कारण के रीडर की लॉगिन में लंबित पाया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# राजा राम कुशवाहा ने लगाया भ्रमित रास्ता न देने का आरोप झूठा

**ब्यौहारी।** ब्यौहारी नगर परिषद से लगे ग्राम पंचायत खामडांड की आराजी खसरा नंबर 135,136 में कृमश :जीतेंद्र गुप्ता ,राजाराम कुशवाहा, काबिज हैं एवं रामपाल यादव,सुख ई यादव 3 पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं पीछे की जमीन कौशल सिंह,जवाहर सिंह द्वारा 137 नवंर की जमींन शिववक्स सिंह गोंड का नाती बनकर 2015 में अपने सरपंची कार्यकाल के दौरान अपने नाम करा लिया फिर अभी एक साल पहले जमीन को सभय राज गोंड को बेंच दिया पीछे 137 नंबर में 34



डिसमिल जमीन है जिसमें रास्ते के लिए आवेदन तहसील कार्यालय में सभय राज द्वारा लगाया गया था जिसमें सभय राज को 12 फीट रास्ता दे दिया गया है।

### भूमिहीन है सुखई यादव

तीन पीढ़ियों से निवास कर रहे रामपाल यादव और उनके पिता सुख ई यादव भूमिहीन हैं उन्होंने कहा कि मैं यहां तीन पीढियां से रह रहा हूं लेकिन मुझे मकान नहीं बनने दिया जा रहा जवाहर सिंह, कौशल सिंह , अयोध्या प्रसाद गुप्ता द्वारा परेशान किया जा रहा है तहसीलदार के निर्देश पर सभय राज को रास्ता 12 फीट दे दिया गया उसके द्वारा झूठा आरोप लगाया जा रहा है इसका प्रतिवेदन हल्का पटवारी द्वारा बनाकर तहसीलदार के यहां जमा कर दिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस कर रही 24 घंटे का सत्याग्रह




**अनूपपुर।** युवा कांग्रेस के बैनर तले जिला मुख्यालय स्थित कोतवाली के पास शुक्रवार 11 बजे से सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया जो आज 11 बजे तक चलेगा। सत्याग्रह आंदोलन मे देर रात युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह भी शामिल हुये वही आंदोलन का समापन कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह व पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह द्वारा किया जायेगा। आंदोलन मे मुख्य रूप से नर्सिंग घोटाला, नीट घोटाला, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, जिले मे रेत घोटाला सहित अन्य क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर 24 घंटे का सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि साधारण व्यक्ति को मालूम हो जाना चाहिए कि भाजपा कौन से स्तर पर भ्रष्टाचार कर रही है। लगातार घोटाले पर घोटाले सामने आ रहे हैं, फिर भी सरकार टस से मस नहीं हो रही है। सत्याग्रह का नेतृत्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के साथ जिला पंचायत सदस्य रामजी मिश्रा रिंकू, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव रफी अहमद, चंदन सिंह, मानवेन्द्र मिश्रा, जनपद पंचायत जैतहरी अध्यक्ष राजीव सिंह, अरविंद मिश्रा, अनूपपुर विधानसभा अध्यक्ष राघवेन्द्र पटेल सहित सैकड़ो की संख्या मे युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित हुये।

## जिले में 2.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 2.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अमरकंटक में 2 तथा बेनीबारी में 15 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर तथा पुष्पराजगढ़ में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### राजस्व महाअभियान एवं अपनी समस्याओं के निराकरण की रखी मांग

# 5 माह से वेतन को तरस रहे पटवारी

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** प्रदेश के पटवारियों को 5 महीनों से वेतन भत्तों के लाले पड़े हैं। पटवारी भूखे पेट रहकर अधिकारियों के निर्देशानुसार अन्नदाता के हितों में प्रदेश के पटवारी प्रशासन द्वारा चलाये जा रहें राजस्व महाअभियान को भी सफल बनायेंगे। पटवारियों ने 19 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर माध्यम से डिप्टी कलेक्टर दिलीप पाण्डेय को राजस्व महाअभियान में आने वाली एवं अपनी समस्यायों का ज्ञापन सौंप कर शीघ्र निराकरण किये जाने की मांग की हैं। पटवारियों ने बताया कि राजस्व महाअभियान प्रशासन द्वारा चलाये जाते हैं, संपूर्ण राजस्व अभियान में संपूर्ण कार्य करने वाला इकलौता कर्मचारी पटवारी है, जिसकी मॉनिटरिंग (समीक्षा) राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, अधीक्षक भू-अभिलेख, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, अनुविभागीय अधिकारी, अपर कलेक्टर, कलेक्टर, संभागायुक्त, आयुक्त भू-अभिलेख एवं प्रमुख सचिव राजस्व सभी करते हैं। हमारे लिए सिर्फ घोषणायें होती हैं, वह भी पूरी नहीं हो पाती। गत अभियान को भी पूर्णतः पटवारियों ने ही सफल बनाया था। अभियान के शुरूआत में राजस्व मंत्री द्वारा कहा गया था कि अभियान सफल करो, आपकी सारी माँगें पूरी होगी। माँगे पूरी होनी तो दूर हड़ताल अवधि का वेतन भी आज तक अप्राप्त है, जबकि पटवारियों से संबंधित तत्समय का कोई भी कार्य शेष नहीं है।

### पटवारियों को नहीं किया जाये प्रताड़ित

15 जून से 15 अक्टूबर का समय वर्षा का होता है, जिसमें अतिवृष्टि, बाढ, जलभराव, भूस्खलन, प्रदूषित पानी से डायरिया जैसी बीमारी का खतरा बना रहता है, जिसकी रिर्पोटिंग इकाई पटवारी ही है। बाढ़ कन्ट्रोल रुम में प्रत्येक दिन 24 घंटे में 6-6 घण्टे में सभी पटवारियों की ड्यूटी, परीक्षाओं में पटवारियों की इयूटी, सीबीआई जाँच में पटवारियों की ड्यूटी, एनएआई में पटवारियों की ड्यूटी लगायी हुई है, इनसे मुक्त कराया जाए। राजस्व अभियान पर डयूटीरत पटवारियों को लक्ष्य प्राप्ति के अभाव में प्रताडित नहीं किया जाए। अभियान के सारे कार्य ऑनलाईन होते हैं एप के सर्वर की व्यवस्था कार्यालयीन समय में कराई जाए, नक्शा बटांकन, सीमांकन के कार्यों में बरसात, खेतों की स्थिति और वन सीमा का ध्यान रखते हुए कार्यों को कराया जाए। पटवारियों को मुख्यालय में रहने के निर्देश हैं। अभियान के दौरान तहसीलों में न



बुला समीक्षा बैठके कार्यालयीन समय में ऑनलाईन करायी जाए। प्रातः 10 बजे से 6 बजे तक की अवधि में पटवारियों से भी कार्य कराया जाए। अवकाश के दिनों में समीक्षा बैठक अथवा अन्य कार्य नही लियें जाए।

### यह है पटवारियों की समस्यायें

कर्मचारी आयोग में लंबित वेतनमान का निराकरण कर वेतनमान संशोधित करने, समयमान वेतन विसंगति दूर करने एवं प्रदेश में डीपीसी के माध्यम से उसी जिले में पटवारियों की पदोन्नति राजस्व निरीक्षक के पद पर अबिलम्ब की जाए, पटवारी संवर्ग से नायब तहसीलदार परीक्षा विभागीय आधार पर तत्काल आयोजित कराई जाए। घोषणानुसार नवोदित पटवारियों को 100 प्रतिशत वेतन दिया जाए। प्रदेश के पटवारियों को हडताल अवधि का वेतन, गत 5 महीनों का वेतन भत्तों के एरियस सहित और नवोदित प्रशिक्षु पटवारियों का संपूर्ण वेतन और स्वामित्व योजना का मानदेय तत्काल दिलाया जाए। सर्व सुविधा युक्त मोबाईल दिलाया जाए, लैपटाप की राशि 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार की जाए, सीपीसीटी उत्तीर्ण सभी पटवारियों को परिवीक्षा अवधि से मुक्त कर उनके इंक्रीमेंट लगाये जाए। प्रमुख सचिव द्वारा पटवारियों की समस्याओं के लिए विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हेतु जिला कलेक्टरों को निर्देशों का पालन किया जायें। बार-बार मुख्यालय में रहने और निष्पक्ष कार्य करने की बात कही जाती है, जबकि 95 प्रतिशत पटवारियों को आवास भत्ते के नाम पर 219 से 429 रुपये मिलते हैं, जिससे कहीं किराये का भी मकान नहीं मिलता और किसी के घर में रह 219 से 428 माना जाता। अतएव सर्वसुविधा युक्त पटवारी आवास सह कार्यालय निर्मित कराया जाए। जिससे पटवारी मुख्यलय में कार्यालय संचालित किया जा सके। कार्यालय बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि वर्तमान परिपेक्ष्य में 1/3 महिला पटवारी हैं। भोपाल में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ई डायरी प्रारंभ की गयी है, जो पूर्णत अव्यवहारिक कार्य की दशा के विपरीत है, सारे कार्य आनलाईन है उसकी उपस्थिति एवं समीक्षा के लिए राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं उपखण्ड अधिकारी होने से ई डायरी संधारण औचित्यहीन होकर प्रासंगित नहीं होने से यह व्यवस्था समाप्त किया जाये।

# भाजपा उम्मीदवारों ने जिला योजना समिति चुनाव में मारी बाजी

### नपा से रामअवध सिंह, नप से डॉ. सुनील चौरसिया निर्वाचित हुये सदस्य

**अनूपपुर।** जिला योजना समिति अनूपपुर के सदस्यों का निर्वाचन शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से 10 सदस्यों का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ। जिला पंचायत के सदस्यों की संख्या 10 होने से सभी 10 अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश जिला योजना समिति निर्वाचन नियम 1995 के नियम 11 (1) के तहत जिला योजना समिति निर्वाचन ग्रामीण की पीठासीन अधिकारी एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत ने सम्यक रूप से निर्वाचित घोषित किया। निर्वाचित होने वाले जिला पंचायत सदस्यों में श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, भूपेन्द्र सिंह, श्रीमती किरण देवी चर्मकार, रामजी रिन्कू मिश्रा, रंजीत सरार्टी, नर्मदा सिंह, दरोगा सिंह, श्रीमती यशोदा सिंह, श्रीमती पार्वती राठौर, सुश्री भारती केवट शामिल हैं। दूसरे चरण में जिले के नगरपालिका एवं नगर परिषद के निर्वाचित सदस्यों में से एक-एक सदस्यों का जिला योजना समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन कार्यक्रम के



तहत मतदान सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर परिषद से एक सदस्य के निर्वाचन हेतु डाले गए मतों की संख्या 85, कुल विधिमान्य मतों की संख्या 82, अविधिमान्य मतों की संख्या 3 रही। निर्भय नारायण राव को 24 मत तथा डॉ. सुनील कुमार चौरसिया को 58 मत प्राप्त हुए। इस तरह सर्वाधिक 58 मत प्राप्त कर डॉ. सुनील कुमार चौरसिया निर्वाचित घोषित किए गए। इसी तरह नगरपालिका परिषद से जिला योजना समिति अनूपपुर के सदस्य के निर्वाचन हेतु डाले गए मतों की संख्या 61, कुल विधिमान्य मतों की संख्या 61, अविधिमान्य मतों की संख्या निरंक रही। अभ्यर्थी रामअवध सिंह को 53, रजिया बेगम को 8 मत प्राप्त हुए। इस तरह सर्वाधिक 53 मत प्राप्त कर रामअवध सिंह निर्वाचित घोषित किए गए। पीठासीन अधिकारी श्रीमती दीपशिखा भगत ने निर्वाचित घोषित सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। निर्वाचन के दौरान सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखी गई थी।

### प्रचंड मतों से मिली जीत

जिला योजना समिति के निर्वाचन में भाजपा से नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह को 18 जुलाई को पड़े 61 मतों में से 53 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस को 8 मत हासिल हुआ इसी तरह नगर परिषद को 18 जुलाई को पड़े 85 मतों में से 58 मत प्राप्त हुए वहीं कांग्रेस को 24 मत प्राप्त हुए तथा तीन मत निरस्त हुए भाजपा उम्मीदवारों को मिली प्रचंड विजय के उपरांत उनका भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष एवं उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया साथ ही उपस्थित सभी पार्षदों को धन्यवाद दिया। जिन्होंने एक जुटता का परिचय देते हुए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजय दिलाई।

### जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

भाजपा उम्मीदवारों को जिला योजना समिति में मिली एक तरफा प्रचंड जीत भाजपा के कार्यकतार्ओं ने जमकर जश्न मनाया और जिला योजना समिति के लिए विजयश्री हासिल करने वाले नगर पालिका पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह एवं नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष सुनील चौरसिया को फूल माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया तथा सभी लोगों ने उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पौधरोपण कार्य का जिपं. सीईओ ने काजू का पौधा रोपकर की शुरूआत

### 2 एकड़ भूमि पर 3500 पौधों का मियावाकी पद्धति से हो रहा रोपण



**अनूपपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बरबसपुर के ग्राम सुनहरा में शुक्रवार को वॉटरशेड विकास परियोजना के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मियावाकी पद्धति से पौधरोपण के तहत ग्राम सुनहरा में दो एकड़ भूमि पर 3500 पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने काजू के पौधे का रोपण कर की। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती कौशल्या बाई, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सहायक यंत्री एन.के. एक्का, वॉटरशेड परियोजना अधिकारी राजेन्द्र कोसरिया, उपयंत्री भरत भुसारे, वॉटरशेड के विकासखण्ड समन्वयक चम्पालाल पवार सहित ग्रामीणजन तथा स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण आवश्यक है। एक पेड़ मां के नाम से सभी पौधे रोपें तथा पौधों की देखभाल, सिंचाई एवं सुरक्षा के प्रति सतर्कता रखें। जनभागीदारी से पौधरोपण के अभियान को सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने ग्रामीणों से पौधों के संरक्षण की अपील की।

# एक हॉस्पिटल व दो क्लीनिकों पर छापा



### संजीवनी हॉस्पिटल मे मिली कई खामियां तो रामबाण औषधालय में पंजीयन मिला एक्सपायर

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ए.के. अवधिया ने सिंधी धर्मशाला गुरुद्वारा के पास अनूपपुर स्थित संजीवनी हॉस्पिटल, स्टेट बैंक रोड आदर्श मार्ग अनूपपुर में स्थित रामबाण औषधालय तथा श्री तिवारी क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल एवं क्लीनिक में सफाई व्यवस्था, वैध पंजीयन तथा समस्त प्रकार के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। निरीक्षण दल के सदस्यों द्वारा संजीवनी हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की कमी पाई गई, हॉस्पिटल में मरीज के परिजनों के बैठने की उचित व्यवस्था नही मिलने, मरीज के पास फीस संबंधी रसीद नहीं पाई गई तथा समय पर यूएसजी रिपोर्ट पर ऑनलाइन जमा करना पाया गया, जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निरीक्षण दल के सदस्यों ने रामबाण औषधालय के निरीक्षण के दौरान मार्च 2024 तक पंजीयन पाया जिसे तत्काल बंद करने की कार्यवाही की तथा बीएएमएस की डिग्री एवं आयुष की दवा का भी अवलोकन किया। निरीक्षण दल के सदस्यों द्वारा पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर. पी. तिवारी के क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया, जहां क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन नहीं पाए जाने पर क्लीनिक को बंद करने के लिए कहा गया जब तक रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण न हो जाए। इस दौरान निरीक्षण दल के सदस्यों ने डॉ. तिवारी के बीएएमएस डिग्री का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि जिले में गैर मान्यताधारी व्यक्तियों एवं झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा प्रदाय चिकित्सा व्यवसाय को नियंत्रित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# विभिन्न विद्यालयों का जिपं. सीईओ ने निरीक्षण कर लिया जायजा

### प्राथमिक विद्यालय गोगा मे मिली कमियां, नोटिस जारी करने के निर्देश

**अनूपपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने आज जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के भ्रमण के दौरान शासकीय प्राथमिक विद्यालय बड़ा लखौरा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोगा, शासकीय हाई स्कूल लीला टोला एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय टेढ़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विद्यालयों के प्राचार्यों से किताब वितरण, टेस्ट की जानकारी तथा मध्याह्न भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के निर्देश दिए।

### मीनू के अनुसार नहीं मिल रहा भोजन

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय बड़ा लखौरा के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से पुस्तक वितरण एवं मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन की जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार उन्होंने शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोगा में



विद्यार्थियों से चर्चा की, जिस पर विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय में पुस्तक वितरण, डीएमएफ द्वारा प्रदाय सपोर्ट किट तथा मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन का वितरण प्राथमिक शिक्षक मुन्नी बाई मौर्य द्वारा नहीं किया गया है। जिस पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए डीपीसी को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिपं. सीईओ ने शासकीय हाईस्कूल लीला टोला में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से निमार्णाधीन अतिरिक्त कक्ष का कार्य बंद पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शासकीय प्राथमिक विद्यालय टेढ़ी का निरीक्षण कर विद्यालय व्यवस्था की जानकारी छात्रों से प्राप्त की। इस दौरान सर्व शिक्षा अभियान के डीपीसी महेन्द्र यादव तथा बीआरसी हर प्रसाद तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अंततः 33वें दिन छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुए दो प्रवेशी हाथी

### हाथियों ने संपत्तियों व अनाजों को पहुंचाया नुकसान

**अनूपपुर।** निरंतर 33 दिन तक अनूपपुर जिले में छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र से आए दो प्रवासी नर हाथी निरंतर विचरण करने बाद गुरुवार की रात मध्यप्रदेश की सीमा के अंतिम छोर पर स्थित अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील थाना एवं वन परिक्षेत्र की सीमा को वन बीट एवं ग्राम पंचायत चोलना में स्थित गुजर नाला को पार कर एक बार फिर से छत्तीसगढ़ राज्य की जीपीएम जिले अंतर्गत मरवाही तहसील एवं वन परिक्षेत्र की सीमा में लगभग 12 से 15 किलोमीटर की दूरी पर जाकर बीट घुसरिया के जंगल में शुक्रवार के दिन पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। दोनों हाथियों के द्वारा एक माह से अधिक समय तक जिले में ठहरने/विचरण करने के दौरान कई तरह के नुकसान किए गए हैं हाथियों के वापस जाने पर जिला प्रशासन एवं वनविभाग ने हाथियों पर निगरानी रखने विभिन्न तरह का सहयोग करने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। वहीं ग्रामीणजन हाथियों के जाने के बाद राहत की सांस ले रहे हैं।

### जिले मे 33 दिनों तक डाले थे डेरा

ज्ञातव्य है कि विगत माह 15 जून की रात दो प्रवासी नर हाथी जो छत्तीसगढ़ के कटघोरा जिले के एतवा नगर एवं केन्दई क्षेत्र में जहां लगभग 50 हाथियों का समूह विगत कई वर्षों से विचरण कर रहा है मे से दो नर हाथियों का समूह दल से अलग होकर जटगा, पसान होते हुए जीपीएम जिले के मरवाही वन परिक्षेत्र के घुसरिया, सिवनी वन बीटों के वन क्षेत्र में एक माह तक निरंतर विचरण करने के दौरान ग्रामीण की घरों में तोड़फोड़ कर खेतों में लगे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बनाते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार कर मध्यप्रदेश के अंतिम छोर पर बसे अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र सीमा पर वन बीट एवं ग्राम तथा ग्राम पंचायत चोलना में गूजर नाला पार कर प्रवेश कर निरंतर 33 दिनों तक चोलना, पोडी-चोडी, पडौंर, कुकुरगोडा, गुवारी, क्योटार, कुसुम हाई, गुजारी, अमगवां, बेलिया, गोबरी, गौरेला, खोलईया, लखनपुर, दूध मनिया, केकरपानी, पगना, बांका, ठेंगरहा सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण अंचलों में रात के समय विचरण करते हुए अनेको ग्रामीण के घरों में तोड़फोड़ कर खेत एवं बांडियो में लगे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बनाते हुए सुबह होते ही दिन भर के लिए जंगलों में



ठहरकर दिन बिताते रहे हैं जिनके निरंतर विचरण कर नुकसान किए जाने पर ग्रामीणो के विभिन्न तरह की संपत्तियां,अनाजों का नुकसान हुआ रहा है जिससे ग्रामीणों में बड़े पैमाने पर नाराजगी रही है जिससे कई बार ग्रामीणो एवं वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के मध्य बाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी।

### ठोस उपाय करने कई बार कर चुके शिकायत

दोनों प्रवासी नर हाथियों को जिले के बाहर किए जाने की ग्रामीणों की निरंतर मांग एवं ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जिले के विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन की राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह, पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने अनेकों बार मुख्यमंत्री से लेकर जिला प्रशासन, वनविभाग को जिले को हाथियो की समस्या से मुक्त किए जाने की मांग करते हुए बातचीत की हाथियों के निरंतर विचरण दौरान मुख्य वन संरक्षक शहडोल एलएल उईके, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पेन्दे, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवांर ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए शासन स्तर तक हाथियों के विचरण पर उत्पन्न समस्या के निराकरण हेतु ठोस उपाय किए जाने हेतु वन विभाग के मुख्यालय के साथ प्रदेश स्तर के प्रमुख अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों से पत्राचार का निरंतर संपर्क बनाए रखा। इस दौरान विभिन्न तरह से प्राप्त सुझाव के आधार पर जिला प्रशासन एवं वन विभाग के द्वारा बीच-बीच में कई तरह के प्रयोग हाथियों के जिले से बाहर किए जाने हेतु किए गए जिसमें आंशिक रूप से ही सफलता प्राप्त हो सकी।

### ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

दोनों नर हाथी अपने स्वाभाविक विचरण प्रणाली अनुसार विचरण करते हुए अन्य स्थानो में ठहराव की तरह अनूपपुर जिले में भी एक माह तक ठहरने बाद स्वयं ही गुरुवार की रात जिले की सीमा को पार कर वापस छत्तीसगढ़ राज्य की ओर चले गए जिला प्रशासन एवं वनविभाग के अधिकारियों के निर्देश पर हाथियों के द्वारा किए गए विभिन्न तरह के नुकसान पर संबंधित पटवारी वनरक्षकों की उपस्थिति में ग्रामीणों के हुए नुकसान का सर्वेक्षण कार्य करते हुए क्षतिपूर्ति का प्रकरण तैयार किया गया है जिसमें अधिकांश प्रभावितों को राहत राशि भी प्रदान की जा चुकी है तथा शेष की राशि भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ है। हाथियों के जाने के बाद जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों ने हाथियों पर निरंतर निगरानी रखने के साथ विभिन्न तरह के सहयोग किये जाने पर सभी का आभार व्यक्त किया है हाथियों के जिले से बाहर चले जाने पर ग्रामीणों ने एक बार फिर से राहत सांस की है।

## ऋण राशि अदा न करने पर न्यायालय के आदेश पर किया गया संपत्ति कुर्क

**अनूपपुर।** श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड से पूजा यादव उम्र 35 वर्ष निवासी बरटोला सकरा ने वाहन पर 9 लाख 10 हजार का लोन लिया था जिसकी राशि जमा न करने पर श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने अनूपपुर कोर्ट में केस दायर किया जिसमे कार्यवाही के पश्चात न्यायालय ने लोन की राशि अदा न करने पर आरोपी पूजा यादव और गारंटर सूरज यादव पर कुर्क करने का आदेश कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में सुनाया गया। जिसमे कंपनी के अधिवक्ता नीरज नायक ने इस केस की पैरवी की। न्यायालय आदेश पर कुर्क करने के लिए एएसआई सहित 4+1 की पुलिस बल और न्यायलय की टीम के साथ श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के शाखा प्रबंधक आशीष पटेल और रोहित द्विवेदी, कलेक्शन मैनेजर विश्वमोहन सिंह तथा श्रीराम फाइनेंस कंपनी के ब्रांच स्टॉफ भी साथ में थे। कुर्क में टीव्ही, फ्रिज, पलंग इत्यादि चीज कुर्क हुई।